## महत्वपूर्ण एवं खास

### संत बालक भगवान मंदिर निर्माण का भूमिपूजन 1 मार्च को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महान संत परम पुजनीय बालक भगवान के पावन स्मृति में महादेवघाट के समीप अमलेश्वर से छीट मार्ग पर स्थित ग्राम कोपेडीह में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन 1 मार्च को सुबह सवा 11 बजे से 12.45 बजे के मध्य किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के संचालक दाऊ आनंद कुमार व्यवस्थापक संतोष अग्रवाल निर्मेष दुबे एवं युवा विंग के समन्वयक ठाकुर पूरन सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में बालक भगवान के चमत्कारिक किस्सों की जन -जन को जानकारी है। उनके भक्त भी प्रदेश में हजारों की संख्या में है।

### ड्रग विभाग ने गौतम मेडिकल स्टोर में छापामारी कर 20 लाख की दवा जब्त की

रायपुर (आरएनएस)। औषधि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लंबे अरसे से देवपुरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री खुले आम की जा रही थी। सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर औषधि विभाग द्वारा देवपुरी के गौतम मेडिकल स्टोर में छापामार कार्यवाही कर प्रतिबंधित दवा सेट ए जेड नामक 20 लाख रूपए की कीमत की दवा जब्त की गई। ज्ञातव्य है कि प्रतिबंधित दवाओं को देश भर में बेचने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित दवाओं को निर्मित करने वाले फार्मूले को भी प्रतिबंधित किया गया है। बावजूद इसके गुड़िया नाम की प्रतिबंधित दवा सेट ए जेड (कोड वर्ड) को जब्त कर मेडिकल स्टोर को सीलबंद किया गया है। औषधि प्रशासन के जिम्मेदारों एवं टीम में शामिल सदस्यों के अनुसार उक्त प्रतिबंधित दवा की 55 लाख से भी ज्यादा गोलियां अब तक प्रदेश में खपाई जा चुकी हैं।

### मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। महेंद्रा ट्रेव्हल्स के पीछे पंडरी में खड़ी की गई मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हांडीपारा आजाद चौक निवासी लक्ष्मण निषाद 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 18 फरवरी को प्रार्थी ने अपना मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 केजे 5008 को महेंद्रा ट्रेव्हल्स के पीछे पंडरी में खड़ी करके कहीं गया हुआ था जब वापस आया तो मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### काले कपड़ों में विधानसभा पहुंचे भाजपा सदस्य

रायपुर (आरएनएस)। धान खरीदी, किसानों पर लाठी चार्ज जैसे मुद्दों के विरोध में आज भाजपा सदस्य काला कपड़ा पहनकर विधानसभा पहुंचे। इधर सदन में आज राज्य सरकार धान खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण तथ्य रख सकता है। राज्य में धान खरीदी को लेकर पिछले सप्ताह हुए हो-हंगामा, लाठीचार्ज, बारदाने की कमी और किसानों के आक्रोश को ध्यान में रखते हुए आज विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने काला कपड़ा पहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। विधानसभा पहुंचे भाजपा सदस्यों के काले कपड़ो ने ही यह साफ कर दिया था कि वे राज्य सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं। ज्ञात हो कि भाजपा की यह नई रणनीति है, जिसके चलते वे सरकार को घेरने के लिए इस तरह से विरोध कर रहे हैं। सदन में आज नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक अजय चंद्राकर, पुन्नूलाल मोहले सहित अन्य विधायक काले कपड़ों में विधानसभा पहुंचे हैं। इधर राज्य सरकार पहले भी स्पष्ट कर चुकी है कि टोकन ले चुके किसानों से उनका धान खरीदा जाएगा। अब देखने वाली बात यह है कि आज सदन में सत्ता पक्ष विपक्ष के हमलों का किस तरह से जवाब देती है।

### पोल्ट्री व्यवसाय से कोरोना वापस फैलने की अफवाह निराधार

रायपुर (आरएनएस)। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा कोरोना वायरस के पोल्ट्री के माध्यम से फैलने संबंधी कुछ सोशल मीडिया पर प्रसारित मनगढ़ंत व बेबुनियाद अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस फैलने की विश्वभर में कहीं भी कोई घटना नहीं हुई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस के फैलने का कोई वैज्ञानिक आधार भी नहीं है, जिसकी पुष्टि भारत सरकार द्वारा भी की गई है। ज्ञात हो कि मानव स्वास्थ्य रक्षा हेतु विश्वव्यापी सर्वोच्च संस्था डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा भी चिकन के सेवन को सुरक्षित बताया गया है।

# कैबिनेट की बैठक 29 फरवरी को सतरेंगा में - सतरेंगा में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**» सतरेंगा को साहसिक और जल पर्यटन के रूप में विकसित करने का एक प्रयास**



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 29 फरवरी को दोपहर एक बजे से कोरबा जिले के सतरेंगा में होगी। कोरबा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूरी पर हसदेव बांगो के किनारे बसे सतरेंगा को साहसिक और जल पर्यटन स्थल के रूप विकसित किया जा रहा है। सतरेंगा के बांध में पानी के ऊपर तैरता हुआ पुल बनाया गया है। इस पुल से चलकर पहाड़ियों पर पहुंचा जाता है।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हसदेव नदी पर बांगो बांध का निर्माण किया गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी एवं पहली बहुउद्देश्यीय जल परियोजना है। यह बांध मध्यभारत के सबसे विशालतम बांधों की श्रेणी में से एक है। पहाड़ियों से घिरे इस बांध के बीचों-बीच कई छोटे द्वीप है जो इसके सौंदर्य को बढ़ा देती हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हसदेव बांगो के किनारे बसे सतरेंगा, बुका एवं गोल्डन आइलैण्ड को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए परियोजना तैयार की गई है।

इस स्थान को साहसिक पर्यटन एवं जल पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है। सतरेंगा के वन परिक्षेत्र में अनेक प्रकार की वनौषधियां भी है जिसका उपयोग प्राकृतिक उपचार एवं दवा के रूप में किया जाता है। इसी गांव में 1400 साल पुराना विशाल साल वृक्ष भी है। यहां का महादेव पहाड़ प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है। सतरेंगा के निकट देवपहरी का प्रसिद्ध जलप्रपात भी है। इस परिक्षेत्र में अनेक पुरातात्विक धरोहर का आकर्षण भी है, जिसमें शैलचित्र प्रमुख है।

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार योजनाबद्ध तरीके से जल-पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय विकास के उद्देश्य से जिले में 'हसदेव क्रूज एण्ड एडवेंचर स्पोर्टस सोसाईटी कोरबा' का गठन किया गया है।

इसी कड़ी में सतरेंगा के 11 स्थानीय निवासियों को पावर मोटर बोट्स चालन एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। जल्द ही यहां पर्यटन की गतिविधियों जिसमें बोटिंग, स्पीड बोटिंग, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, ओपेन एयर ऑडिटोरियम तथा रिसॉर्ट आदि की शुरूआत की जाएगी। पर्यटकों के रूकने के लिए क्रूज, फ्लोटिंग कॉटेजेस के निर्माण के साथ ही अन्य साहसिक एवं जलक्रिड़ा की गतिविधियां भी यहां प्रारंभ की जाएंगी।

## सौर सुजला योजना से किसानों के खेत लहलहाएंगे

**» सोलर मेटरनिटी दूरस्थ ग्रामों की प्रसूताओं के लिए उपयोगी**




रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (क्रेडा) द्वारा राष्ट्रीय कृषि मेले में प्रदर्शन के लिए आई सौर सुजला योजना के जरिये प्रदेश के किसानों को एवं दूरस्थ ग्रामों की महिलाओं (प्रसूताओं) को लाभांवित करने के लिए अनेक मॉडल लगाये गये हैं जिसके जरिये प्रदेश की बड़ी आबादी को उक्त सामाग्रियों के लगाने से व्यापक लाभ मिलेगा।

उक्त योजनाओं के संबंध में आरएनएस प्रतिनिधि द्वारा भ्रमण के दौरान उपसंचालक दिनेश कुमार अवस्थी (क्रेडा) से चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि सौर पंपों से दो एचपी पंप के माध्यम से सोलर पेनल के जरिये सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा से संचालित पंप लगाने से किसानों को प्रदेश में 12 महीनों सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए उक्त सामाग्री 5 हजार ओबीसी के लिए 9 हजार एवं सामान्य वर्ग के लिए 16 हजार रुपये में उपलब्ध करायी जा रही है।

सौर पंप के डिमास्ट्रेटर एस रेड्डी ने बताया कि उक्त पंप मेला में सब्सिडी मूल्य में किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है बाजार में उक्त सौर पंप की कीमत 3 लाख रुपये है।

## मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम से पंचायत प्रतिनिधियों ने की मुलाकात



रायपुर। अनुसुचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम से आज यहां विधानसभा परिसर में विधायक कांकेर श्री शिशुपाल सिंह सोरी के नेतृत्व में कांकेर जिले की ग्राम पंचायत सरोना के पंचायत प्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री सुरज कोराम, उप सरपंच श्री पुष्कर साहू सहित पंचगण भी उपस्थित थे।

## पुलिस ने बाजार में देशी महुआ शराब बेचने पर लगाई पाबंदी



दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम के पुराने बाजार में देशी महुआ शराब की बिक्री एवं असमाजिक तत्वों का जमावड़ा को रोकने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए देशी महुआ शराब बिक्री पर रोक लगा दी गई। पुलिस ने देशी महुआ शराब की बिक्री एवं असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रोकने के लिए गीदम के पुराने बाजार पहुंची। देशी महुआ शराब बेचने वाले ग्रामीणों को पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ दिया है। वहीं साथ में यह चेतावनी भी दी गई है कि आगे से शराब बेचते पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### मोबाइल दुकानदार ने आधारका र्ड व थम इम्प्रेशन लेकर दो लोगों के खाते से किया रुपये पार

रायपुर (आरएनएस)। मोबाइल शॉप पर पोर्ट कराने गये ग्राहक के आधार कार्ड व थम का निशान लेकर दुकानदार ने दो लोगों के खाते से हजारों रुपये निकाल लिये। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोनकर पारा निवासी रमेश कुमार आहूजा 66 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 2 दिसंबर से 30 दिसंबर के मध्य अपना मोबाइल फोन बनवाने शिवम मोबाइल शांति चौक पुरानी बस्ती में कुमारी शिखा कौशिक को दिया था।

## बिजली बिल हाफ योजना से नवंबर 2019 में घरेलू उपभोक्ताओं को 43.65 करोड़ रूपये का लाभ



रायपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में बताया कि सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना से नवंबर 2019 में 35 लाख 96 हजार 391 घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 43.65 करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक केशव प्रसाद चंद्रा के लिखित प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना का मामला उठाया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बताया कि प्रदेश में बिजली बिल हाफ योजना 01 मार्च 2019 से लागू की गई है। इस योजना में हाफ बिजली बिल का लाभ घरेलू श्रेणी के ऐसे समस्त उपभोक्ता, जिन पर बकाया राशि निरंक है को दिया जा रहा है।

बघेल ने बताया कि प्रदेश में माह नवंबर 2019 में इस योजना के अंतर्गत 35 लाख 96 हजार 391 घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 43.65 करोड़ रूपये का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना हेतु निर्धारित मापदण्डों के अंतर्गत प्रदेश में घरेलू श्रेणी के 46 लाख 62 हजार 160 उपभोक्ता विद्युत का उपभोग करते है, परंतु बकाया राशि होने के कारण 10 लाख 65 हजार 769 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## गांजा तस्कर रेड के कार्रवाई के दौरान जीएसटी अधिकारियों को धक्का देकर हुआ फरार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। टैंकर में भरकर गांजा तस्करी की सूचना पर रेड की कार्रवाई के दौरान गांजा तस्कर अधिकारियों को धक्का देकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 17 फरवरी को साहू काप्लेक्स के पास पचपेढ़ी नाका में सेप्टिक टैंक सफाई टैंकर में गांजा भरकर लाते समय पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा था। इसी दौरान गांजा तस्करी में शामिल एक व्यक्ति जिसका नाम विनोद केदारी जीएसटी अधिकारियों को धक्का देकर फरार हो गया। वहीं टैंकर चालक आरोपी का भाई सुरेश केदारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरेश केदारी है से पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि टैंकर में गांजा है एवं जो व्यक्ति भागा है वो उसका भाई विनोद केदारी है टैंकर की जांच के दौरान किसी व्यक्ति का कोई भी परिचय पत्र नही मिला न ही वाहन से संबंधित कोई दस्तावेज मिले है। भागे हुए अपराधी का मोबाइल फोन बरामद हुआ

## छत्तीसगढ़ में इस साल किसानों से हुई रिकार्ड धान की खरीदी

**» प्रदेश में 18.21 लाख किसानों ने बेचा 82.81 लाख मीट्रिन टन धान**



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अपने 20 सालों में इस खरीफविपणन वर्ष में प्रदेश में सबसे ज्यादा किसानों ने समर्थन मूल्य पर अब तक का सबसे ज्यादा धान बेचकर एक नया रिकार्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार समस्या न हो इसके लिए की गई।

चाक चौबंद व्यवस्था से प्रदेश में इस साल रिकार्ड धान की खरीदी हो सकी है। वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक 93.11 प्रतिशत किसानों ने धान बेचा है। आकड़ों की बात करें तो छत्तीसगढ़ में वर्ष 2012-13 में 14 लाख 79 हजार 152 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था, जिसमें से 10 लाख 8 हजार 562 किसानों से 71 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। इसी तरह 2013-14 में 16 लाख 43 हजार 103 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था जिसमें से 11 लाख 76 हजार 232 किसानों ने 79 लाख 72 हजार 156 मीट्रिक टन धान बेचा था। वर्ष 2014-15 में राज्य के 12 लाख 52 हजार 355 किसानों का पंजीयन किया गया जिसमें 11 लाख 88 हजार 789 किसानों ने 63 लाख 10 हजार 424 मीट्रिक धान बेचा। इसके अगले साल 2015-16 में धान बेचने के लिए राज्य के 13 लाख 22 हजार 613 किसानों के पंजीयन के विरूद्ध 11 लाख 10 हजार 330 किसानों से 59 लाख 29 हजार 232 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। वर्ष 2016-17 में 15 लाख 14 हजार 823 किसानों का पंजीयन कर 13 लाख 27 हजार 944 किसानों से 69 लाख 59 हजार 59 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। इसी तरह साल 2017-18 में राज्य के 15 लाख 77 हजार 332 किसानों का पंजीयन कर 12 लाख 6 हजार 264 किसानों से 56 लाख 88 हजार 938 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। यदि हम देखे तो राज्य में नई सरकार के गठन के बाद साल 2018-19 में 16 लाख 98 हजार 5 किसानों का पंजीयन हुआ और इसमें से 15 लाख 71 हजार 414 किसानों से प्रदेश में 80 लाख 38 हजार 30 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया।

# सेक्सोफोन वाद्ययंत्र की धुनों से न जाने जुड़ी हैं कितनी स्मृतियां



रायपुर। भिलाई में कला मंदिर में आयोजित सेक्सोफोन की दुनिया में इस सुमधुर वाद्ययंत्र की धुनों को सुनने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भी पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सेक्सोफोन की दुनिया में शामिल होना अद्भुत अनुभव है। संगीत मन को शांत करता है।

छत्तीसगढ़ संगीत में बहुत समृद्ध है। हमारे लोकगीतों की धुन अद्भुत हैं। संगीत हमारे जीवन में रचा बसा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रख्यात गायक किशोर कुमार को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार सोनी खुद किशोर के गाने बहुत अच्छा गाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर की साधना की तरह ही संगीत की साधना है। हमारी अध्यात्मिक चेतना भी संगीत से जागृत होती है। इस मौके पर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि संगीत का इतना सुंदर आयोजन अद्भुत है। ऐसा लग रहा है कि यह आयोजन देर तक चलता रहे। इस मौके पर जब गुजरे दौर के शानदार गीतकारों और संगीतकारों द्वारा सृजित किये गीतों और धुनों की प्रस्तुति सेक्सोफोनिस्ट ने दी तो लोग मंत्र मुग्ध हो गए। लोगों ने पूरी तन्मयता से उन्हें सुना और जब वे दर्शकों के बीच पहुंचे तो उन्हें वैसा ही प्यार मिला जैसे बड़े बॉलीवुड सितारों को मिलता है। लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली। गानों का चयन भी शानदार था।

ऐसे गाने जो भारत में अनेकता में एकता की मिसाल पेश करते हैं। अलग-अलग सम्प्रदाय के लोगों द्वारा लिखे गानों पर जिन पर धुन भी अलग-अलग तरह के लोगों ने बनाई। सेक्सोफोन की दुनिया कार्यक्रम ने लोगों में उस दौर की याद ताजा करा दी जब शंकर जयकिशन और ओपी नैय्यर जैसे संगीतकार अपनी पूरी टीम और संगीतकारों के साथ अपने स्टूडियो में संगीत का शाहकार रचते थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU